## सार-समाचार

### मां दुर्गा को छप्पन भोग लगाया

**जोधपुर, (कासं)।** बंगाली समाज की ओर से कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड 9 सेक्टर में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे पांच दिवसीय दुर्गा पूजा अनुष्ठान में गुरुवार को सुबह महा अष्टमी पूजन किया गया।

बंगाली समाज के प्रवक्ता सुमन विश्वास ने बताया कि महाअष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें रूप मां गौरी का पूजन कोलकाता से आए हुए पंडित शिबू मिश्रा द्वारा किया गया। महा अष्टमी पूजन के पश्चात पुष्पांजलि, बोलीदान किया गया। अष्टमी पूजन के दौरान मां दुर्गा को महाभोग लगाकर महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया। माता को छप्पन भोग चढ़ाया गया। पूजन में समाज की महिलाओं द्वारा उल्लू व बंगाल के प्रसिद्ध ढाक के धनी से पंडाल मंत्रमुग्ध हो उठा। पूजन के दौरान पंडाल में दुर्गा माता की जयकारें लगाए गए। संध्या आरती के दौरान समाज बंधुओं द्वारा धुनुची नृत्य किया गया। धुनुची नृत्य के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ।

### मंदिरों में हवन किया

**बाप, (निसं)।** शारदीय नवरात्रा के आठवे दिन गुरूवार को होमाष्टमी की धूम रही। मंदिरों में तथा घर घर में होमाष्टमी मनाई गई।
शक्ति पीठ व नवरात्रा में कई जगह पर स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमाओं के समक्ष हवन हुए। हवन में सुख शांति की कामना को लेकर आहुतियां दी गई। लक्ष्मीनारायण मंदिर के आगे पंडित पंकज जोशी के सानिध्य में किये गये यज्ञ में श्रद्धालुओं ने जोड़ों ने बैठकर आहुतियां दी और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में विशेष प्रसादी का आयोजन किया गया।

होमाष्टमी पर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। लक्ष्मी नारायण पुजारी स्वरूप भाणू, कन्हैया लाल पालीवाल, नथमल पालीवाल, दामोदर पालीवाल, प्रेम प्रकाश पालीवाल, सत्यनारायण भूतड़ा, जगदीश शर्मा, धर्मेश कुमार शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आठ अवैध जल कनेक्शन काटे

**बालोतरा, (नि.सं.)।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड समदड़ी द्वारा 09 अक्टूबर को कोरना एमबीआर से जास्ती उच्च जलाशय को जाने वाली मुख्य वितरक पाइपलाइन पर कार्यवाही करते हुए 8 अवैध जल संबंध विच्छेद किये गये। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड समदड़ी के अधिशाषी अभियंता गजानंद प्रजापत ने बताया कि अवैध जल संबंध धारको के खिलाफ विभाग द्वारा अनवरत अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने आमजन से अपील करते हुए कहा कि विभागीय पाइपलाइन से अवैध जल संबंध स्वयं हटा दे अन्यथा विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवाकर कानूनी कारवाई की जायेगी।

### बरना की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**जोधपुर, (कासं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना की कक्षा नवम की छात्रा शिवानी व कक्षा दसवीं की छात्रा कृष्णा चौहान ने जोधपुर में इंडिगो सीनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेला में भाग लिया लेकर शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान शिक्षक व प्रभारी नाथूराम परिहार ने बताया कि छात्रा शिवानी ने अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर कार्यशील मॉडल के माध्यम से प्लास्टिक का पुनर्चक्रण को प्रेजेंटेशन कर बताया कि घरों में अनुउपयोगी प्लास्टिक जैसे थर्माकोल को उपयोगी बनाकर घरों की छतो, दीवारों में आने वाले क्रैक एवं वर्षा जल के समय छतो से पानी टपकने पर इस प्रकार के प्लास्टिक ग्लू का निर्माण कर बड़ी क्षित को रोका जा सकता है , जिसमें एक रसायन ( पेट्रोल )पदार्थ को थर्माकोल से रासायनिक सयोग कर एक ऐसा प्लास्टिक ग्लू तैयार होता है जिससे छतो, दीवारों एवं भवन की अन्य दरारों को आसानी से भरकर समस्या का समाधान किया जा सकता है बाजारों में मिलने वाले महंगे रसायन उत्पाद से यह सस्ता एवं अधिक उपयोगी बताया। छात्रा शिवानी का कहना है कि इसके प्रयोग से आम व्यक्ति अपने घरों की बड़ी क्षित को ठीक कर सकता है। इसी प्रकार छात्रा कृष्णा चौहान ने परिवहन एवं संचार विषय पर वायरलेस चार्जिंग सर्किट का निर्माण कर वर्तमान समय में इस तकनीकी का उपयोग कर अनुपयोगी सामग्री को उपयोगी बनाने का मॉडल प्रस्तुत किया।

### पटेल आज कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे

**जोधपुर, (कासं)।** संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार को जोधपुर आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री पटेल शुक्रवार, 11 अक्टूबर को प्रातः 9 से 9.30 बजे तक जोधपुर शहर में तथा प्रातः 11 बजे दुन्दाड़ा में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे दोपहर 12 बजे मुंगरा सर्किल बाईपास रोड बालोतरा में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा दोपहर 2 बजे से सायं 6.30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे सांय 7 बजे सर्किट हाऊस पहुंचकर रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल शनिवार 12 अक्टूबर को प्रातः 9.15 से 10.30 बजे तक जोधपुर शहर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा प्रातः 10.30 बजे से 11.30 बजे तक सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। वे प्रातः 11.50 बजे से सांय 7 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे सायं 7.30 बजे निज निवास पहुंचेंगे तथा रात्रि 8.10 बजे जोधपुर स्टेशन से जयपुर प्रस्थान करेंगे।

### पार्टी में फायरिंग, हिस्ट्रीशीटर की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** खेड़ापा थानान्तर्गत बावड़ी कस्बे के एक मकान में पार्टी के दौरान बुधवार देर रात फायरिंग से एक हिस्ट्रीशीटर की मौत हो गई।
आरोपी व उसके साथी वारदात स्थल से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि बावड़ी स्थित निजी अस्पताल के पास मकान में रात को दोस्तों के बीच पार्टी थी। इसमें हिस्ट्रीशीटर गेनाराम जाट व सुखराम जाट अपने-अपने साथियों के साथ शामिल हुए थे। पार्टी के दौरान देर रात सुखराम ने पिस्तौल निकाली और गोली चला दी। जो हिस्ट्रीशीटर गेनाराम की कनपटी में जाकर लगी। इससे खून निकलने लगा और वो वहीं गिर गया। उसे तुरंत कस्बे के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी लाखाराम वारदात स्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। आरोपी सुखराम अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया था। पुलिस का कहना है कि पार्टी में किसी विवाद के बाद अथवा दुर्घटनावश गोली चली है, इस संबंध में जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### सिवाना में जनसुनवाई आयोजित

**बालोतरा,(नि.सं.)।** जिला कलैक्टर सुशील कुमार की अध्यक्षता में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र सिवाना में आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने परिवादियों से रूबरू होकर उनकी परिवेदनाओं को सुना। साथ ही मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं के निस्तारण के आवश्यक निर्देश प्रदान किए। यादव ने कहा कि जन समस्याओं को अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दे, साथ ही उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर राहत देने का कार्य करें। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 63 परिवाद प्राप्त हुए जिसमें से 11 परिवाद का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई में मुख्यतः पानी, बिजली सड्क एवं स्वच्छता से संबंधित परिवाद मिले। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खंगारोत, सिवाना तहसीलदार रामचन्द देवासी, बीडीओ दिनेश सिंह भारी, थानाधिकारी इमरान खान, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी महिपाल सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**जालोर, (कासं)।** जिला चिकित्सालय जालोर में जिला स्वास्थ्य समिति (मानसिक बीमारी एवं अंधता निवारण) एवं राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय आ गया है। जनरल फिजिशियन डॉ. रमेश चौधरी,प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम टांक, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी शहजाद खान ने कई जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी शिव कुमार दवे,मोहनसिंह गुर्जर,नेत्र सहायक गौरीशंकर कुशवाहा, हेमी चौधरी,वरिष्ठ सूचना सहायक आरिफ बैग,लक्ष्मी दवे समेत कई संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# बालिकाएं प्रत्येक क्षेत्र में जालोर का नाम रोशन कर रही : गर्ग

**जालोर, (कासं)।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थोन जालोर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में बालिका प्रतिभा सम्मान समारोह व किशोरी मेले का आयोजन किया गया।

समारोह में जिलेभर के सभी उपखण्डों से बोर्ड परीक्षाओं में ब्लॉकवार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने पर वाली बालिकाओं सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 105 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बालिकाएँ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढकर अपनी प्रतिभा के दम पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि बालिकाएँ हर बाधा को पार कर सफलता की उड़ान भर सकती है। इन बालिकाओं की सफलता से अन्य बालिकाओं को भी जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं भविष्य की चुनौतियों के बारे में जागरूक करना है जिससे उनका डटकर सामना कर सकें और जरूरतों के साथ ही अपने सपनों को भी पूरा कर सकें।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी भामाशाहों एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़ते हुए विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, संगीत सीखने के वाद्य, सैनेटरी मशीन इत्यादि सुविधाओं के विकास में उनका सहयोग लेवें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग ने वुशू खेल में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली छवि चौधरी व जीवन में संघर्षों को हराकर आर.एस.एस. अधीनस्थ सेवा में चयनित मोहर कंवर से प्रेरणा लेने की बात कही।

मुख्य सचेतक ने बालिकाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा बनाये गये मॉडल, चार्ट एवं पोस्टर के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें प्रेरित किया। मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत ने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है तथा पढ-लिखकर देश, समाज और अपने गांव का नाम रोशन कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम व विद्या भारती सेवा संस्थान के अजय गुप्ता ने बालिका दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करने को लेकर प्रेरित किया। इस दौरान आत्मरक्षा प्रशिक्षण की महिला प्रतिभागियों ने आत्म रक्षा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी व मॉडल प्रदर्शनी व किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई।

कार्यक्रम में जिले के उपखण्डों से आई 105 प्रतिभावान बालिकाओं को टीशर्ट, कैप, प्रमाण पत्र व मोमेन्टो प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया गया। मंच संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष भीखाराम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समग्र शिक्षा के एडीपीसी ईश्वरसिंह सांगाणा, डाइट व्याख्याता शांतिलाल दवे, कार्यक्रम अधिकारी हिंगलाजदान, प्रधानाचार्य जबरसिंह देवड़ा सहित समस्त ब्लॉकों के संदर्भ व्यक्ति, बालिकाएँ, शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।



जालोर में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बालिकाओं को सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## बाप कस्बे में पर्यावरण चेतना रैली निकाली

**बाप, (निसं)।** नोखा के समराथल से शुरू हुई पर्यावरण जन चेतना रैली बीकानेर, घड़साना, बज्जू होते हुए गुरूवार को बाप पहुंची। ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण जन चेतना रैली का स्वागत किया गया।

इसके बाद यह विद्यालय प्रागंण से विद्यार्थियों के साथ आरंभ हुई सुथारो का बास, बस स्टैंड, मेहता मार्केट, व्यास मार्केट, मुख्य बाजार, कानासर रोड, माहेश्वरी धर्मशाला होते हुए पुनः विद्यालय में पहुंची। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जीव रक्षा विश्नोई महासभा के राष्टीय अध्यक्ष वृक्ष मित्र साहबराम विश्नोई ने कहा कि विश्नोई समाज की और से पर्यावरण सरंक्षण के लिए पर्यावरण जनचेतना यात्रा निकाली जा रही है।

इसका उद्देश्य सरकार को पेड बचाने के लिए सख्त कानून बनाने के लिए जगाना है। साथ ही नई पीढी को भी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए जागरूक करना है।

इस दौरान ज्ञान ज्योति निदेशक सुरेश सियाग, प्रधानाचार्य राधेश्याम खत्री, धर्मपालसिंह, सतपाल, अर्जुनराम, सोमराज, सविता जोशी, चंपालाल, राजेंद्र, सुरेंद्र विश्नोई, हिमांशु शर्मा, हरेंद्र बुरडिया, सुमन विश्नोई, सुमन सैनी, पुष्पा सोनी, अर्जुनराम, अमृतलाल, जय खत्री, लक्ष्मीचंद व दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम के पोस्टर का जारी




जालोर में 16 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विमोन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (निसं)।** जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम को लेकर मदीना कॉलोनी विकास सेवा संस्थान के सदर अयूब शेख की अध्यक्षता व मौलाना गुलाम रसूल की सरपरस्ती में पोस्टर का विमोचन हुआ।

मौलाना गुलाम रसूल व मदीना कोलौनी विकास संस्थान के सदर अयूब शेख ने बताया कि जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर तकिया के वसी मैदान में 16 अक्टूबर को गौसूल वरा व सालाना इजलास को लेकर कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें खुशुसी मुकर्रिर इस्लामिक स्कॉलर दाई ए इस्लाम हजरत अल्लामा मोलाना कारी इकबाल रजा साहब मुरादाबाद यूपी तशरीफ ला रहे है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मोहम्मद आरीफ सिलावट, सलीम खां, सदर अयूब खां शेख, आबाद अली सहित कई जनों ने किया।

# खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के लिए टीमें गठित

**बाड़मेर,(नि.सं. )।** दीपावली के अवसर पर शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए जिला कलैक्टर टीना डाबी ने दो दलों का गठन किया है।

विशेष अभियान के लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरेन्द्र भाखर को दल प्रभारी नियुक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव मितल ने बताया कि दूध, पनीर, मावा एवं इनसे बनी मिठाईयों, घी, तेल मसाले आदि के उपयोग में वृद्धि को देखते हुए मिलावट की आंशका के मध्यनजर आमजन को शुद्ध एंव मानक स्तर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने लिए दो दलों का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह दल जिला स्तर से ग्राम स्तर तक विशेष रूप से दीपावली के अवसर अभियान चलाएंगे। इस दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश जांगिड़ एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरधारीराम एवं अन्य कार्मिकों को शामिल किया गया है। डिकाय आपरेशन एवं नमूनीकरण बढ़ाने के लिए इन दलों के साथ नर्सिंग ऑफिसर संजयसिंह सोढ़ा को भी सहयोग के लिए लगाया गया है।

## सार-समाचार

### कान्यकुब्ज समाज ने कन्या पूजन किया

**पाली, (नि.सं.)।** गुरूवार को विवेक पब्लिक स्कूल में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के संरक्षक दया शंकर मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कन्या पूजन व भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव पंकज दुबे ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की सभी कन्याओं का चरण धोकर, कुमकुम तिलक लगाकर समाज के अध्यक्ष जय शंकर त्रिवेदी ने कार्यक्रम प्रारंभ किया। त्रिवेदी ने बताया कि आज समाज में महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चियों को पढ़ा लिखाकर आत्म निर्भर बना सकते हैं। इस पावन पर्व पर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा से शक्ति, विधा, लक्ष्मी का वास होता है। समाज की महिलाओं ने कन्याओं को मुकुट पहनाकर चरण पूजा की। कन्याओं को उपहार देकर पूजा आरती की। समाज की महिला संगठन में राज कुमारी मिश्रा पूनम तिवारी, सीमा त्रिवेदी, सीमा चतुर्वेदी,पलक तिवारी, ममता मिश्रा,आरती चतुर्वेदी, आदि महिलाओं ने कन्या पूजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज के दया शंकर मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, अशोक पाण्डे, अरविंद चतुर्वेदी,पवन पांडेय, विकास दुबे,मंयक तिवारी, जितेन्द्र चतुर्वेदी,कमल तिवारी, तनमय मिश्रा सहित कई जने उपस्थित रहे।

### आदर्श मंदिर में 108 कन्याओं का पूजन

**बाप, (निसं)।** बाप कस्बा स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में गुरूवार को नवरात्रि का उत्सव 108 कन्या पूजन कर मनाया गया। शिशु वाटिका प्रभारी भोजाराम ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज भारतीय परम्परा अनुसार मां सरस्वती, परमपिता ओम एवं मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य भगवानसिंह राजपुरोहित ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति व अतिथियों द्वारा विद्यालय की बालिकाओं का पूजन किया गया। जिसमें सबसे पहले बालिकाओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर मोली बांधकर मुंह मीठा करवाया गया। उसके बाद सभी बालिकाओं को चुनडी दी गई। इसके बाद अभिभावकों द्वारा लाई गई उपहार सामग्री, फलाहार और लड्डू का वितरण सभी बालिकाओं को किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष बाबुलाल पालीवाल, व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश पालीवाल, कोष प्रमुख भंवरलाल दवे, सीमाजन कल्याण समिति जिलाध्यक्ष अखेराज खत्री, अभिभावक नारायणसिंह, सांगीदान सहित अभिभावक शिव तंवर, भूरालाल प्रजापत, प्रदीपसिंह, तेज प्रकाश पुरोहित, मंजू तंवर, हर्षिता कंवर, पूनम देवी, किरण दवे, माधुरी तंवर, भानु चौहान, मधु देवी, आचार्य करणीसिंह, कंवरलाल विश्नोई, तेजाराम कुमावत, श्रीपाल धायल, पप्पूराम, कैलाश जटिया, अशोक तंवर, प्रकाश विश्नोई, राम कुमार, रमेश कुमार, रविन्द्र विश्नोई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पोकरण से नागाणा पहुंचा पैदल संघ

**पोकरण, (निसं)।** अखिल भारतीय राठौड वंश कुलदेवी मातेश्वरी श्री नागेणच्या माता पोकरण से नागाणा धाम पैदल यात्रा संघ मंगलवार को पहुंचा। संघ प्रमुख डॉ. जेठूसिंह चांदनी ने बताया कि 6 अक्टूबर को संघ रवाना हुआ तथा चार दिनों जगह जगह भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार सुबह जनजन के आराध्य देवी नागणेच्या माता मंदिर के दर्शन करके पूजा अर्चना करके खुशहाली की कामना की। संघ के नागाणा पहुंचने पर दुर्गादास सेवा समिति सदस्य विक्रमसिह भणियाणा व महेन्द्रसिंह भाटी के नेतृत्व में पैदल यात्रा संघ का स्वागत किया गया। पैदल यात्रा संघ के संरक्षण वीरमसिंह सनावड़ा ने बताया कि पोकरण से नागाणा धाम चौथी बार पैदल यात्रा संघ पहुंचा है। अजयपालसिह बामणु, पूनमसिंह गडी, वीरमसिंह सनावडा, रणवीरसिह बामणू, दीपेंद्रसिह चंपावत पोकरण, जितेन्द्रसिह बामणू , उम्मेदसिंह चांदनी कालूसिह चांदनी आदि मौजूद थे।

### शस्त्र पूजन विजयादशमी को

**पाली, (नि.सं.)।** विप्र सेना पाली द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शस्त्र पूजन समारोह जिला प्रभारी अमित त्रिवेदी व जिलाध्यक्ष मुकेश नाबरिया के नेतृत्व में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।विप्र सेना के जिला प्रवक्ता नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि आगामी विजयादशमी के अवसर पर पाली के लाखोटिया उद्यान स्थित परशुराम घाट पर मंत्रोच्चार के साथ पंडितो के द्वारा विधिवत रूप से शस्त्र पूजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम के लिए संयोजक कैलाश गौड़ तथा सह संयोजक राकेश जोशी व लवलेश शर्मा को बनाया गया है।कार्यक्रम संयोजक कैलाश गौड़ ने शस्त्र पूजन का महत्व बताते हुए कहा की ब्राह्मण समाज मे विजयादशमी के दिवस पर शस्त्र पूजन अवश्य रूप से करना चाहिए इससे नकारात्मक शक्तियों का विनास होता है। कार्यक्रम की तैयारियों में ऋतिक दवे, आशीष तिवाड़ी, राजेंद्र शर्मा, मनीष दाधीच, पुनीत दवे, मानक शर्मा, शरद पांडे, विक्की गौड़, नरेन्द्र तिवाड़ी सहित अनेक विप्र बंधु लगे हुए है।

### विद्यालय में नोटबुक्स बांटी

**जालोर, (कासं)।** जालोर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों को नोटबुक्स बांटी गई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के बीएम ललित कुमार, डीबीएम सुरेश कुमार, प्रिया माथुर, उषा परमार, और श्रवण कुमार ओड ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई और बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य खीम सिंह राठौड ने बैंक का आभार जताया।प्रिया माथुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को नोटबुक्स का सही उपयोग करके अपनी पढाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से लडकियों को प्रेरित किया, यह कहते हुए कि वर्तमान समय में लडकियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सभी छात्रों से अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्यों पर ध्यान देने का आग्रह किया। उषा परमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह नोटबुक्स उन्हें दिवाली की छुट्टियों के दौरान घर पर बैठकर होमवर्क करने में मदद करेंगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वचन राम, उप प्रधानाचार्य खीम सिंह राठौड, भगवती परमार, प्रियंका त्रिवेदी, अंशु वशिष्ठ सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने नौ देवी रूपी कन्याओं का पूजन किया

**जालोर, (कासं)।** नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय सेंट एंस सेकेंडरी स्कूल में नवदुर्गा के रूप में सजी हुई बालिकाओं की विशेष पूजा और आरती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देवी की आराधना की गई, जिसमें बालिकाओं को देवी दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों के रूप में सजाया गया था।

पूजन कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण और देवी की आरती से हुई। बालिकाओं को कुमारी कन्याओं के रूप में सम्मानित करते हुए उन्हें पुष्प, मिठाइयाँ और उपहार दिए गए। इस विशेष आयोजन में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक, और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम मुख्य वक्ता संदीप जोशी मानक सदस्य एन सी ई टी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में नारी की पूजा आदिकाल से होती आ रही है । वर्तमान परिपेक्ष्य में आधुनिकीकरण के प्रभाव और ओटीटी के बहाव में नारी को केवल भोग की वस्तु बताया जा रहा है जो हमारी संस्कृति को नष्ट करने का षडयंत्र है । विद्यालय स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजनों से बालक के मन मस्तिष्क में बाल्यावस्था से ही नारी के प्रति सम्मान अमिट छाप छूट जाती है जिससे वो समाज में एक सभ्य नागरिक बन कर उभरता है ।

प्रधानाध्यापक किशोर राजपुरोहित ने कहा कि नवरात्रि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। बालिकाओं को नवदुर्गा के रूप में सम्मानित कर हम समाज में नारी शक्ति और उनके योगदान को पहचानने का संदेश देना चाहते हैं।

कार्यक्रम में गणपत सोलंकी यातायात निरीक्षक, दुष्यंत राजपुरोहित, ललित जी गौ सेवक, अभिभावक सहित विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे अंत में सभी उपस्थित जनों ने बालिकाओं की आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागली पुरोहितान में गुरुवार को शारदीय नवरात्रा के तहत कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी मनोज दवे व शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुथार ने बताया कि मनोज दवे, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, बालू सिंह राजपुरोहित, नरपत सिंह, मंगल, मोहिनी देवी, ललिता, रानी, नाथी देवी, सुमन भदाला, कमल किशोर ने कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर पूजन किया। पूर्व छात्रा निकिता राजपुरोहित को टैबलेट मिलने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान सरोज चौहान, रामसिंह राजपुरोहित, शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुथार, अध्यापक महेंद्र सिंह राजपुरोहित, उत्तम सिंह, किशोर कुमार, अर्जुन सिंह, सुखी देवी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।



भागली पुरोहितान विद्यालय में कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत



सेंट एंस सैकेंडरी स्कूल में बालिकाओं की विशेष पूजा की। फोटो-राष्ट्रदूत